प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 31.01.2026 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- केन्द्र सरकार ने मनरेगा के तहत राज्य के लंबित सामग्री मद भुगतान के लिए 827 करोड़ 86 लाख रुपये की नई किस्त जारी की।
- केन्द्रीय बजट 2026–27 कल–वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन लोकसभा में बजट पेश करेगी।
- बीकानेर में आज सामाजिक अधिकारिता शिविर का आयोजन–एक हजार से अधिक बुजुर्गो को निशुल्क सहायक उपकरण वितरित किये जायेंगे।
- प्रदेश में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज अजमेर, कोटा, जयपुर, भरतपुर संभाग और शेखावाटी अंचल में गरज के साथ बारिश की संभावना।

0000

केन्द्र सरकार ने मनरेगा के तहत राज्य के लंबित सामग्री मद भुगतान के लिए 827 करोड़ 86 लाख रुपये की नई किस्त जारी की है। ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने केंद्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के समक्ष राज्य का पक्ष रखा। इसके बाद ये स्वीकृति जारी की गई है। केंद्रांश के साथ राज्य सरकार के 25 प्रतिशत अंशदान के रूप में 275 करोड़ 95 लाख रुपये की राशि को शामिल करते हुए कुल 1 हजार 103 करोड़ रुपये से अधिक की राशि राज्य के सभी जिलों को आवंटित की गई है। इससे मनरेगा के अंतर्गत चल रहे कामों में तेजी आएगी और सामग्री आपूर्तिकर्ताओं तथा श्रमिकों को समय पर भुगतान मिल सकेगा।
इसके साथ ही राज्य के सभी जिलों में 25 अतिरिक्त दिवस का रोजगार तथा अनुसूचित जनजाति बाहुल्य वाले 8 जिलों के 47 ब्लॉकों में 50 अतिरिक्त दिवस का रोजगार दिए जाने का प्रावधान किया गया है।

0000

केन्द्रीय बजट 2026–27 कल पेश किया जायेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन लोकसभा में सुबह 11 बजे ये बजट पेश करेगी। लोकसभा के बाद बजट की प्रति राज्यसभा के पटल पर रखी जाएगी। वित्त मंत्री का कार्यभार सम्भालने के बाद श्रीमती सीतारामन का ये लगातार नौवां बजट है। संसद में बजट भाषण सम्पन्न होने के बाद बजट की प्रति मोबाइल ऐप और वेबसाइट पर भी उपलब्ध होगी। वित्त मंत्री बजट के बाद देश के विभिन्न क्षेत्रों के महाविद्यालयों से आए तीस विद्यार्थियों से बातचीत करेंगी। इससे पहले, वित्त मंत्री ने कई हितधारकों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की।
इनमें अर्थशास्त्री, व्यापार संघ, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र, लघु और मध्यम उद्यम, व्यापार तथा सेवा क्षेत्र, उद्योग, वित्तीय क्षेत्र और पूंजी बाजार के विशेषज्ञ और प्रतिनिधि शामिल थे। कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने भी कृषि और ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर बजट पूर्व परामर्श किया और वित्त मंत्री को सुझावों की संकलित रिपोर्ट सौंपी।
केन्द्रीय बजट को लेकर प्रदेशवासियों में उत्सुकता है। अजमेर में लघु उद्योग भारती की महिला इकाइ की अध्यक्ष सीए दिव्या सोमानी ने कहा कि बजट में महिलाओं और युवाओं के लिए विशेष प्रावधान की उम्मीद है। इसके साथ ही बजट में भारत को ग्लोबल लीडर बनाने के रोडमेप की अपेक्षा है।

....

बालोतरा से सीए ओमप्रकाश बाठिया ने कहा कि बजट में कई तरह के टैक्स में छूट की उम्मीद की जा रही है।

.....

0000

केन्द्र सरकार के आर्थिक सर्वेक्षण 2025–26 में राजस्थान के आर्थिक प्रबंधन सामाजिक स्वास्थ्य क्षेत्रों के नवाचार और प्रशासनिक सुधारों का विशेष उल्लेख किया गया है। सर्वेक्षण में राज्य के राजस्व घाटे में आ रही कमी को भी इंगित किया गया है। इसमें बताया गया है कि वर्ष 2024–25 के संशोधित अनुमानों

में राजस्व घाटा कम होकर 31 हजार 939 करोड़ रूपये रह गया, जबकि साल 2023–24 में ये घाटा 38 हजार 954 करोड़ रूपये था।
ताजा आर्थिक सर्वेक्षण के अुनसार राजस्थान में वर्ष 2025–26 के अप्रैल से दिसम्बर महीने में राज्य में खुदरा मुद्रा स्फीति शून्य दशमलव 81 फीसदी रही है जो प्रभावी आपूर्ति प्रबंधन और प्रशासनिक समन्वय को दर्शाती है। आर्थिक सर्वेक्षण में बाल और मातृ कुपोषण से निपटने में राजस्थान के कैश प्लस मॉडल को सराहा गया है। इसके अलावा शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन और रोजगारपरक शिक्षा के लिए की गई पहलों की भी प्रशंसा की गई है।

000

बीकानेर में आज सामाजिक अधिकारिता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत राष्ट्रीय वयोश्री योजना और एडिप योजना के तहत एक हजार से अधिक बुजुर्गो को सहायक उपकरण वितरित कर लाभान्वित किया जायेगा। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम और आईओसीएल के सीएसआर मद में लाभान्वितों को करीब डेढ करोड़ रूपये की लागत के लगभग साढे 6 हजार सहायक यंत्र और उपकरण निशुल्क दिये जायेंगे। राजकीय पॉलिटेक्निल कॉलेज मैदान पर होने वाले इस कार्यक्रम में केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी शिरकत करेंगे।

0000

प्रदेशभर में चल रहे ग्राम उत्थान शिविरों के माध्यम से किसानों पशुपालकों और ग्रामीण परिवारों को केन्द्र और राज्य सरकार की जनहित योजनाओं से सीधे जोडा जा रहा है। पहले चरण के तीन दिनों में 941 गिरदावर सर्किलों पर ये शिविर आयोजित किये गये। इनमें 6 लाख 59 हजार से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने कल जयपुर में आयोजित ग्राम उत्थान शिवरों की समीक्षा बैठक में ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन शिविरों के जरिये 13 विभाग की योजनाओं का फायदा आम लोगों तक पंहुचाया जा रहा है। ये शिविर 9 फरवरी तक आयोजित किये जायेंगे। इनके माध्यम से 2 हजार 839 गिरदावर सर्किलों को कवर किया जायेगा।

0000

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा है कि मेलों में भक्ति आस्था और लोकसंस्कृति का रूप देखने के मिलता है। मेले समृद्ध परम्पराओं और सामाजिक समरसता का जीवंत स्वरूप है। वे कल कोटपूतली बहरोड के कुहाडा गांव में एक धार्मिक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों की लोकदेवताओं में गहरी आस्था है। इसे देखते हुए सरकार ने मालासेरी डूंगरी के विकास के लिए 50 करोड़ रूपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों की शुरूआत की है।

.....

0000

प्रदेश में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज मौसम में एक बार फिर बदलाव देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ का असर 2 फरवरी तक रहने की संभावना है। इससे अजमेर, कोटा, जयपुर, भरतपुर संभाग और शेखावाटी अंचल में गरज के साथ हल्की से मध्यम बरसात हो सकती है। वहीं तीन जिलों में ओले गिरने का अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि जोधपुर और बीकानेर संभाग के अधिकतर जिलों में मौसम शुष्क बना रहेगा।

0000